लॉर्ड माउंटबेटेन (1947-1948) स्वतंत्र भारत के अंतिम वायसराय तथा प्रथम गवर्नर जनरल तथा सी. राजगोपालाचारी ( 1948- 1950) अंतिम गवर्नर-जनरल थे|

**Q.1** भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे**?**

A) रॉबर्ट क्लाइव B) वॉरेन हेस्टिंग

C) लॉर्ड विलियम बेंटिंग D) लॉर्ड डलहौजी

Ans. C

नोट:- वॉरेन हेस्टिंग को 1774 ई में बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया|

1833 ई में लॉर्ड विलियम बेंटिंग को भारत का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया था|
1758-60ई तथा 1765-67ई में रॉबर्ट क्लाइव को बंगाल का प्रथम गवर्नर नियुक्त किया गया था|

**Q.2** निम्न घटनाओं के सही क्रम कीजिए**|**

A) बक्सर का युद्ध

B) वॉरेन हेस्टिंग का भारत का गवर्नर बनना

C) क्लाइव का पुन: भारत आगमन

D) इलाहाबाद की संधि

a) C B A D b) A C D B

c) A B C D d) B A D C

Ans. b

नोट:- बक्सर का युद्ध - 22 अक्टूबर 1764ई

क्लाइव का पुन: भारत आगमन - 3 मई 1765ई
इलाहाबाद की संधि  - अगस्त 1765ई
वॉरेन हेस्टिंग का भारत का गवर्नर बनना  - 1774ई

**Q.3** भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक कौन था**?**

A) लार्ड क्लाइव B) लॉर्ड मिंटो

C) लॉर्ड मेयो D) इनमें से कोई नहीं

Ans. A

नोट:- भारत में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक लॉर्ड क्लाइव को माना जाता हैं| 23 जून 1757 प्लासी के युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्वकर्ता लॉर्ड क्लाइव था| इसी युद्ध के उपरांत बंगाल में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना हुई|

**Q.4** कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना के समय बंगाल का गवर्नर जनरल कौन था**?**

A) लॉर्ड बैंटिंग B) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग

C) लॉर्ड कार्नवालिस D) लॉर्ड वेलेजली

Ans. B

नोट:- 15 जनवरी 1784ई को एशियाटिक सोसायटी की स्थापना के समय बंगाल के गवर्नर जनरल लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग ( 1774-1785) थे|

**Q.4** सुरक्षा प्रकोष्ठ की नीति संबंधित है**?**

A) हेनरी लॉरेंस B) लॉर्ड डलहौजी

C) वॉरेन हेस्टिंग D) लॉर्ड हेस्टिंग्स

Ans.  C

नोट:- सुरक्षा प्रकोष्ठ या घेरे की नीति से वॉरेन हेस्टिंग तथा वेलेजली संबंधित हैं| वॉरेन हेस्टिंग ने मसूर और मराठों के साथ युद्ध तथा अन्य भारतीय रियासतों के साथ बराबरी के पद प्राप्त करने के लिए किया|

**Q.5** निम्न में से किसने बंगाल में द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त किया**?**

A) रॉबर्ट क्लाइव B) लॉर्ड कार्नवालिस

C) वॉरेन हेस्टिंग D) इनमें से कोई नहीं

Ans. C

नोट:- द्वैध शासन की शुरुआत 1765ई में बंगाल में क्लाइव के समय हुई थी| तथा 1772ई में वॉरेन हेस्टिंग के कार्यकाल में ' कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स' ने दोहरी शासन प्रणाली को समाप्त करने का निर्णय लिया|

**Q.6** किस गवर्नर जनरल पर महाभियोग का मुकदमा चलाया गया**?**

A) लॉर्ड कार्नवालिस B) लॉर्ड क्लाइव

C) वॉरेन हेस्टिंग D) लॉर्ड वेलेजली

Ans.  C

नोट:- वॉरेन हेस्टिंग के अन्यायपूर्ण तथा निरंकुश कार्यों के कारण उस पर महाभियोग का मुकदमा चलाया गया , जो 1788ई से 1795ई तक चलता रहा| किन्तु ब्रिटिश संसद ने उसकी सेवाओं को देखते हुए उसे सभी दोषों से मुक्त कर दिया|

**Q.7** भारत में न्यायिक संगठन की स्थापना किसने की**?**

A) लॉर्ड एटली B) लॉर्ड कर्जन

C) लॉर्ड मेयो D) लॉर्ड कार्नवालिस

Ans. D

**Q.8 1802** की बसीन की संधि पर हस्ताक्षर किसके मध्य हुए थे**?**

A) फ़्रांसिसी तथा बाजीराव प्रथम B) डच तथा बाजीराव द्वितीय

C) अंग्रेज तथा बाजीराव प्रथम D) अंग्रेज तथा बाजीराव द्वितीय

Ans. D

नोट:- 31 दिसंबर 1802 को अंग्रेजों से बसीन की संधि हुई| संधि के अनुसार , पेशवा बाजीराव द्वितीय ने अंग्रेजो की संरक्षकता स्वीकार कर ली| यह संधि मराठों द्वारा अंग्रेजों के साथ की गयी प्रथम सहायक संधि थी|

**Q.9** लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला मराठा सरदार था**?**

A) पेशवा बाजीराव द्वितीय B) रघुजी भोंसले

C) दौलतराव सिंधिया D) इनमें से कोई नहीं

Ans. A

**Q.10** निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है**?**

A) हेक्टर मुनरो - बक्सर का युद्ध

B) लॉर्ड हेस्टिंग - आंग्ल-नेपाल का युद्ध

C) लॉर्ड वेलेजली - चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध

D) लॉर्ड कार्नवालिस - तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध

Ans. D

नोट:- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध ( 1817-18ई ) लॉर्ड हेस्टिंग के समय में हुआ था|

बक्सर का युद्ध 1764ई में हेक्टर मुनरो के नेतृत्व में हुआ था|
आंग्ल-नेपाल युद्ध ( 1814-16ई ) लॉर्ड हेस्टिंग के समय में हुआ था|
चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध 1799ई में लॉर्ड वेलेजली के समय में हुआ था|

**Q.11** सर टॉमस मुनरो किन वर्षों में मद्रास के गवर्नर रहे**?**

A) 1822-1829 ई B) 1818-1825 ई

C) 1820-1827 ई D) 1819-1826 ई

Ans. C

नोट:- सर टॉमस मुनरो 1820-27 ई तक मद्रास के गवर्नर रहे| दक्षिण भारत में भू-राजस्व वसूली हेतु लागू की गयी व्यवस्था रैयतवाड़ी व्यवस्था थी| इस व्यवस्था के जन्मदाता टॉमस मुनरो और कैप्टन रीड थे|

**Q.12** सती प्रथा पर पाबंदी किसने लगाई**?**

A) वॉरेन हेस्टिंग B) लॉर्ड कैनिंग

C) लॉर्ड कर्जन D) विलियम बेंटिक

Ans. D

नोट:- राजा राममोहन राय जैसे प्रबुद्ध भारतीय सुधारकों ने विलियम बेंटिंक को इस प्रथा को अवैध घोषित करने की प्रेरणा दी| दिसंबर 1829 ई के नियम 17(XVII) द्वारा विधवाओं को जलाना अवैध घोषित कर दिया गया|

आरम्भ में यह कानून केवल बंगाल प्रेसीडेंसी में लागू हुआ तथा 1830 ई में बंबई तथा मद्रास प्रेसीडेंसी में भी लागू कर दिया गया|

**Q.13** निम्न में से किस वर्ष बंगाल से दासों के निर्यात को रोक दिया गया**?**

A) 1764 ई B) 1789 ई

C) 1858 ई D) 1868 ई

Ans. B

**Q.14** लॉर्ड डलहौजी द्वारा अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय निम्न में से किस रीती से हुआ था**?**

A) अपहरण की नीति द्वारा B) सहायक संधि द्वारा

C) युद्ध द्वारा D) कुप्राशसन के कारण

Ans. D

नोट:- लॉर्ड डलहौजी ( 1848-56) ने अवध के नवाब वाजिद अली शाह पर कुशासन का आरोप लगाकर 13 फरवरी 1856 को अवध का अंग्रेजी राज्य में विलय कर लिया| अन्य राज्य जिनका विलय हुआ - सतारा ( 1848 ई ) , जैतपुर एवं संभलपुर ( 1849 ई ) , बघात ( 1850 ई ) , उदयपुर ( 1852 ई ) , झांसी ( 1853 ई ) , नागपुर ( 1854 ई ) तथा करौली ( 1855 ई ) थे|

**Q.15** जेम्स एंड्रूज रैम्जे भारत के किस गवर्नर जनरल का वास्तविक नाम था**?**

A) लॉर्ड नॉर्थ B) लॉर्ड कर्जन

C) लॉर्ड कैनिंग D) लॉर्ड डलहौजी

Ans. D

**Q.16** भारत में प्रथम रेलवे लाइन किस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गयी थी**?**

A) लॉर्ड वेलेजली B) लॉर्ड लिटन

C) लॉर्ड डलहौजी D) लॉर्ड कर्जन

Ans. C

नोट:- भारत में रेलवे लाइन का  निर्माण ब्रिटिश गवर्नर लॉर्ड डलहौजी के समय किया गया| प्रथम रेलवे लाइन 1853 ई में बंबई से थाणे के बीच बिछाई गयी थी?

**Q.17** किस कंपनी ने सर्वप्रथम भारत में रेल यात्रा प्रारम्भ की**?**

A) मद्रास रेलवे B) ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे

C) ईस्टर्न रेलवे D) अवध तिरहुत रेलवे

Ans.  B

**Q.18 1** नवंबर **1858** को महारानी विक्टोरिय का घोषणा पत्र इलाहाबाद किसने पढ़कर सुनाया था**?**

A) लॉर्ड विलियम बेंटिंक B) लॉर्ड कैनिंग

C) लॉर्ड बर्नहम D) सर हरकोर्ट बटलर

Ans. B

नोट:- भारत के प्रथम वायसराय लॉर्ड कैनिंग द्वारा उद्घोषित किया गया|

**Q.19** निम्न में से किस गवर्नर जनरल ने भारत में दास प्रथा को समाप्त किया था**?**

A) लॉर्ड कार्नवालिस B) लॉर्ड एलेनबरो

C) सर जॉन शोर D)  लॉर्ड विलियम बेंटिक

Ans.  B

**Q.20** स्थायी बंदोबस्त किसके शासनकाल में प्रारंभ किया गया था**?**

A) सर जॉन शोर B) लॉर्ड कार्नवालिस

C) वॉरेन हेस्टिंग D) लॉर्ड वेलेजली

Ans. B

**Q.21** भारत में अंगेजों के समय में प्रथम जनगणना कब हुई**?**

A) लॉर्ड डफरिन B) लॉर्ड रिपन

C) लॉर्ड मेयो D) लॉर्ड लिटन

Ans. C

नोट:- भारत में प्रथम जनगणना लॉर्ड मेयो ( 1869-72 ई ) के काल में 1872 ई में प्रारंभ हुई , किंतु लॉर्ड रिपन के काल में नियमित जनगणना 1881ई में शुरू हुई|

भारत के गवर्नर जनरल एवं वायसराय **Trick**

बंगाल के प्रथम गवर्नर - रॉबर्ट क्लाइव

बंगाल के अंतिम गवर्नर - वारेन हेस्टिंग्स

बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल - वारेन हेस्टिंग्स

बंगाल के अंतिम गवर्नर जनरल - लॉर्ड बेटिंक

भारत के प्रथम गवर्नर जनरल - लॉर्ड बेटिंग

भारत के अंतिम गवर्नर जनरल - लॉर्ड कैनिंग

भारत के प्रथम वायसराय - लॉर्ड कैनिंग

भारत के अंतिम वायसराय - लॉर्ड माउंटबेटन

भारत के गवर्नर जरनल और वायसराय MCQ PDF DOWNLOAD करने के लिए Click करें -

Download